हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025


तापमान

अधिकतम 33 .6 डिग्री

न्यूनतम 15 .6 डिग्री


11 आपसी भाईचारा ही हमारे समाज की ताकत





12 उल्लास योजना का परीक्षा परिणाम घोषित




## खबर संक्षेप

### साधु ने लिफ्ट लेकर बाइक सवार से 50 हजार ठगे

**खरखौदा।** हलालपुर गांव के पास नहर के पुल पर एक साधु द्वारा मोटरसाइकिल सवार से लिफ्ट लेने और बाद में उसे सम्मोहित कर 50 हजार रुपए ठगने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने आप बीती बताते हुए पुलिस थाना में मामला दर्ज कराया है। होलंबी कलां दिल्ली निवासी रामअवतार ने बताया कि वह खांडा, निजामपुर, सिलाना आदि भट्ठों पर काम करता है। वह 50 हजार रुपए लेकर बाइक पर सिलाना भट्ठे पर मजदूरों को पैसे देने के लिए जा रहा था। जब वह हलालपुर से नाहरी मार्ग पर पहुंचा तो वहां नहर के पुल के पास एक साधु खड़ा था। जिसने उसे मोटरसाइकिल पर लिफ्ट मांगी। साधु ने उसे बातों बातों में सम्मोहित कर लिया और उससे 50 हजार रुपए ले लिए।

### युवक को बंधक बनाकर मारपीट, केस दर्ज

**खरखौदा।** बिधलान गांव में हमलावर युवकों ने एक युवक को बंधक बनाकर उससे मारपीट की जिससे वह घायल हो गया। हिमांशु ने बताया कि जब वह अपने घर जा रहा था तो बीच रास्ते में गांव के दो युवकों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसे बंधक बना लिया। उसके बाद उसके साथ मारपीट करके उसे घायल कर दिया। पीड़ित युवक ने बताया कि दोनों युवकों व एक महिला ने पानी से भरी बाल्टी में उसके मुंह को काफी देर डुबोए रखा और जान से मारने की धमकी दी। दोनों युवकों ने अपने हाथ में लिए चाकुओं से उसके कंधे, गर्दन व बाजू पर वार करके उसे घायल कर दिया। किसी तरह वह उनसे अपने आप को छुड़ाकर भाग निकला। घायल अवस्था में उसे खरखौदा के सरकारी अस्पताल लाया गया। शिकायत पर पुलिस ने दोनों युवाओं व महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### जहर खाने से युवक व किशोरी की हालत बिगड़ी

**सोनीपत।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर जहरीला पदार्थ निगलने के दो मामले सामने आए है। दोनों ही मामलों में पीड़ितों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पहला मामला शहर के एक क्षेत्र का है, जहां 16 वर्षीय किशोरी ने किसी कारणवश जहरीला पदार्थ निगल लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे तुरंत नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति देखते हुए किशोरी को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। वहीं दूसरा मामला गांव नांगल खुर्द का है, जहां 28 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। युवक की पहचान रोहतक निवासी सुनील के रूप में हुई है, जो किसी काम से नांगल खुर्द आया हुआ था। परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया।

# चिटाना में भात की खुशियों को ग्रहण : ट्रैक्टर हादसे में दो युवकों मौत से मातम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गांव चिटाना में बुधवार रात दो परिवारों की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं जब ट्रैक्टर के नीचे दबने से दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। गांव का माहौल, जो भात की तैयारियों से गूंज रहा था, पलक झपकते ही सन्नाटे में बदल गया। योगेश का परिवार अपनी भांजी के भात की तैयारी कर रहा था, लेकिन वीरवार सुबह तक वह खबर पहुंची जिसने पूरे घर को शोक में डुबो दिया। जिस भात की रस्म के लिए ताऊ की बेटी घर आने वाली थी, उसी घर से अब चिता उठी। गांव के लोग बताते हैं कि योगेश मेहनती और खुशमिजाज युवक था। वह सोनीपत में बाइक मिस्त्री का काम करता था और महलाना रोड पर उसकी छोटी सी दुकान थी। अविवाहित योगेश दो भाइयों में छोटा था। बड़ा भाई दिल्ली पुलिस में कार्यरत है। परिवार के लोग बताते हैं कि योगेश घर की रीढ़ की तरह था, खेती-बाड़ी में भी मदद करता था और हर किसी से स्नेहपूर्वक व्यवहार रखता था। उसकी अचानक मौत से परिवार का सहारा टूट गया।

■ योगेश और मनोज की मौत से दो परिवारों पर टूटा दुखों का पहाड़



### गम से हर आंख हो गई नम





*जब वीरवार को दोनों युवकों के पार्थिव शरीर गांव पहुंचे, तो हर आंख नम हो गई। जिस गांव में कल तक भात की तैयारी हो रही थी, वहां अब चीखें और आंसू गूंज रहे थे। गांववालों ने दोनों का अंतिम संस्कार एक साथ किया। पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। लोगों का कहना है कि किसे पता था कि भात का निमंत्रण देने से पहले ही दो परिवारों के जीवन में इतना बड़ा तूफान आ जाएगा। गांव चिटाना की यह रात दो घरों की कहानी ही नहीं, बल्कि उन असंख्य परिवारों की भी झलक है जिनकी खुशियां एक पल में बिखर जाती हैं।*

### खेती बाड़ी करता था मनोज

हादसे में जान गंवाने वाले दूसरे युवक मनोज (32) विवाहित थे और दस साल के बेटे के पिता थे। मनोज खेती-बाड़ी से परिवार का गुजारा करते थे। पड़ोसी बताते हैं कि मनोज जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते थे। बुधवार रात हुई दुर्घटना ने उनके परिवार की खुशियां भी छीन लीं। पत्नी और बेटे का रो-रोकर बुरा हाल है।



## दीपावली के बाद हवा हुई जहरीली, सांस लेना भी पड़ रहा भारी

# नागरिक अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की कतारें, आंखों में जलन की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

दीपावली पर्व की रौनक के बाद जिले की हवा में घुला धुआं अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। पटाखों से निकले धुएं और धूल के कणों ने वातावरण को इस कदर प्रदूषित कर दिया है कि लोगों की आंखों में जलन, गले में खराश और सांस लेने में दिक्कत की शिकायतें तेजी से बढ़ रही हैं। नागरिक अस्पताल की ओपीडी में पिछले दो दिनों में आंखों में जलन और एलर्जी से पीड़ित मरीजों की संख्या में उल्लेखनीय इजाफा दर्ज किया गया है। चिकित्सकों ने लोगों को सतर्क रहने और जरूरी सावधानियां बरतने की सलाह दी है। त्यौहार के दौरान और उसके बाद हुई जमकर आतिशबाजी ने जिले की वायु गुणवत्ता को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया। हवा में घुले धूल और धुएं के सूक्ष्म कणों के कारण सुबह और शाम के समय दृश्यता में भारी कमी देखी जा रही है, जिससे सड़क यातायात भी प्रभावित हो रहा है। राहगीर आंखों में चुभन, पानी आने और गले में सूजन जैसी परेशानी झेल रहे हैं।

■ **हवा में घुले धूल और धुएं के सूक्ष्म कण कर रहे लोगों को बीमार**

नागरिक अस्पताल के आंकड़ों के अनुसार, सामान्य दिनों में जहां लगभग दो हजार मरीज विभिन्न बीमारियों के लिए ओपीडी में पहुंचते हैं, वहीं दीपावली के बाद यह संख्या और बढ़ गई है। केवल आंखों से संबंधित समस्याओं के करीब 120 मरीज दो दिनों में ओपीडी में आए हैं। कई मरीजों ने खांसी, सांस लेने में दिक्कत और गले में खराश की भी शिकायत की है।



### सुबह और शाम को प्रदूषण का स्तर खतरनाक

चिकित्सकों ने लोगों को बिना आवश्यकता घर से बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है, विशेष रूप से सुबह और देर शाम के समय जब प्रदूषण का स्तर अधिक होता है। उन्होंने कहा कि बाहर निकलते समय आंखों की सुरक्षा के लिए चश्मा पहनें, पर्याप्त पानी पिएं और आंखों में जलन या अन्य परेशानी होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

### हवा दूषित होने के चलते लोगों में आंखों में जलन की समस्याएं, इलाज करवाने अस्पताल आ रहे

हवा दूषित होने के चलते लोगों में आंखों में जलन की समस्याएं आ रही है। जिसके चलते अस्पताल में मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। प्रदूषण से प्रभावित लोगों के लिए विशेष परामर्श व्यवस्था शुरू की है ताकि समय पर इलाज मिल सके और गंभीर बीमारियों से बचाव किया जा सके। जलन होने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें।
**डा. विकास**, नेत्र रोग विशेषज्ञ, नागरिक अस्पताल।

## हाईवे पर झपटमारों ने महिला के गले से मंगलसूत्र तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत




नेशनल हाईवे-44 पर नाथूपुर के पास स्कूटी सवार महिला के गले से बाइक सवार झपटमारों ने मंगलसूत्र लूट लिया। वारदात उस समय हुई जब महिला बहन से मिलने के बाद घर लौट रही थी।

ओमेक्स सिटी, कुमासपुर निवासी रीना देवी ने कुंडली थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी बहन से मिलने गांव नाथूपुर गई थीं। वापसी के दौरान नाथूपुर मोड़ से हाईवे पर चढ़ते ही दो बाइक सवार युवक आए और पीछे बैठे युवक ने झपट्टा मारकर उनका मंगलसूत्र तोड़ लिया। रीना देवी ने बताया कि उन्होंने स्कूटी से उनका पीछा किया, लेकिन आरोपी कुछ दूरी पर भाग निकले। झपटमारों में से एक लाल रंग की टी-शर्ट पहने हुए था। घटना की सूचना मिलते ही कुंडली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि झपटमारों की पहचान की जा सके। वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है।

### नाबालिग को अगवा करने का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना राई पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अगवा करने के मामले में आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान साहिल निवासी गांव धुन्देहेरी, जिला कैथल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 7 अक्तूबर 2025 को सोनीपत निवासी व्यक्ति ने थाना राई में शिकायत दी थी कि उसकी नाबालिग बेटी 5 अक्तूबर की सुबह बिना बताए घर से चली गई थी। परिजन को शक था कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने लड़की को बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया है। शिकायत के आधार पर थाना राई में भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक अशोक व उनकी टीम ने न्यायालय के आदेशानुसार नाबालिग का मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज करवाया तथा महिला विशेषज्ञों की मौजूदगी में काउंसलिंग करवाई। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित साहिल को गिरफ्तार कर लिया। उसे अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## छह शोधार्थी पीएचडी के पात्र घोषित

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के कुलगुरु प्रो.श्री प्रकाश सिंह ने परीक्षकों के बोर्ड तथा शोध समिति की अनुशंसा पर 6 विद्यार्थियों को पीएचडी उपाधि का पात्र घोषित किया है। उन्होंने पीएचडी के पात्र घोषित किए 6 शोधार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### छात्रवृत्ति मिलेंगी

कुलगुरु प्रो. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में गुणवत्ता पूर्वक शोध पर बढ़ावा दिया जाता है। शोध को बढावा देने के लिए विश्वविद्यालय प्रत्येक विभाग के दो शोधार्थियों को नियमानुसार 25 हजार रुपए मासिक स्कालरशिप दी जाएगी। इसके अतिरिक्त पीएचडी कर रहे प्रत्येक शोधार्थी को नियमानुसार 10 हजार रुपए आकस्मिक व्यय के लिए भी दिए जाएगें। पीएचडी उपाधि के पात्र घोषित किए गए अभ्यर्थियों में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग से ममता व फिजिक्स से सुषमा कुमारी, अनुपमा, धीरज यादव, रेणुका व सरला देवी शामिल हैं। इन सभी अभ्यर्थियों की पीएचडी उपाधि संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गई है।

## अवैध हथियार मामले में दो गिरफ्तार

**गोहाना।** यूनिट गोहाना की पुलिस ने अवैध हथियार रखने व हथियार मुहैया करवाने वाले दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया है। की घटना मे संलिप्त आरोपी को आरोपित गांव छतैहरा निवासी रविन्द्र उर्फ गागू पुत्र प्रेम निवासी छत्तेहरा व गांव रभड़ा निवासी कृष्ण पुत्र बिजेन्द्र हैं। क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम में नियुक्त सहायक उप निरिक्षक अनित अपनी पुलिस टीम के साथ 22 अक्तूबर गश्त के दौरान पानीपत मार्ग पर गोहाना बाइपास मोड पर मौजूद थे। तभी उन्होंने खुफिया जानकारी के आधार पर अपनी पुलिस टीम के साथ नाकाबंदी करके आरोपित रविन्द्र उर्फ गागू को काबू कर लिया। पुलिस द्वारा तलाशी लिए जाने पर उनके पास एक अवैध देशी पिस्तौल बरामद किया। पिस्तौल की मैगजीन चैक करने पर उसमें एक जिंदा रौंद मिला। पुलिस ने इस घटना में अवैध हथियार मुहैया करवाने के आरोपित कृष्ण पुत्र बिजेंद्र को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश करके उसके आदेश पर उनको न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## भांवर के पास कार ने बाइक सवार दंपति का टक्कर मारी

**गन्नौर।** गांव भांवर के पास कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल हो गए। घायल ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में खुबडू गांव के रहने वाले संदीप ने बताया कि गत 20 अक्तूबर को वह बाइक पर पत्नी के साथ पूजा करने के लिए गांव भांवर के पास स्थित थान जा रहे थे। तभी खुबडु की दिशा से तेज रफ्तार में आ रही कार ने उन्हें टक्कर मारी। टक्कर के कारण दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर चोटों के साथ घायल हो गए। कार चालक मौके पर कुछ देर रुका और फिर मौके से भाग गया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर अज्ञात कार चालक पर केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## जिले के सरकारी स्कूलों में आज से अर्धवार्षिक परीक्षाएं

# चौथी से आठवीं कक्षा की परीक्षा 24 से 31 अक्तूबर तक, नौवीं से बारहवीं की छह नवंबर तक चलेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले के सभी राजकीय स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू होंगी। शिक्षा विभाग ने पहले ही परीक्षा की डेटशीट जारी कर दी है और अब सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विद्यालयों को आवश्यक दिशा-निर्देश भेजे जा चुके हैं ताकि परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न कराई जा सके। विभाग ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा अवधि के दौरान सभी शिक्षक समय पर विद्यालय पहुंचें और परीक्षा से संबंधित रिकॉर्ड को अपडेट रखें।

विभाग के अनुसार चौथी से आठवीं कक्षा तक की परीक्षाएं 24 से 31 अक्तूबर तक आयोजित की जाएंगी, जबकि नौवीं से बारहवीं कक्षा तक की परीक्षाएं छह नवंबर तक चलेंगी। परीक्षा के लिए प्रत्येक विद्यालय को केंद्र बनाया गया है और संबंधित विद्यालय मुखिया को परीक्षा सामग्री, प्रश्नपत्र वितरण और निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

*»परीक्षा के लिए प्रत्येक विद्यालय को केंद्र बनाया गया है और संबंधित विद्यालय मुखिया को परीक्षा सामग्री, प्रश्नपत्र वितरण और निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गईं*

जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा को गंभीरता से लें और पूरी तैयारी के साथ शामिल हों। उन्होंने कहा कि अर्धवार्षिक परीक्षा न केवल वार्षिक परीक्षा की तैयारी का आधार होती है, बल्कि विद्यार्थियों के आत्ममूल्यांकन का अवसर भी देती है।

### यह रहेगा परीक्षाओं का शेड्यूल



### व्यवस्था को लेकर विभाग सतर्क

शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी विद्यालयों में परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षण टीमें भी गठित की गई हैं। परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए उड़नदस्ते भी सक्रिय रहेंगे। प्रत्येक पेपर के बाद संबंधित विद्यालयों से रिपोर्ट जिला शिक्षा कार्यालय को भेजी जाएगी। परीक्षाओं के लिए विद्यालयों को साफ-सफाई, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था और प्रश्नपत्रों की गोपनीयता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

चौथी कक्षा के विद्यार्थियों की परीक्षा 24 अक्तूबर को अंग्रेजी विषय से शुरू होगी। इसके बाद 25 को हिंदी, 27 को गणित और 28 अक्तूबर को ईवीएस का पेपर लिया जाएगा। पांचवीं कक्षा के विद्यार्थी भी 24 अक्तूबर को अंग्रेजी, 25 को हिंदी, 27 को गणित और 28 को ईवीएस का पेपर देंगे। छठी कक्षा में 24 अक्तूबर को सामाजिक विज्ञान, 25 को गणित, 27 को हिंदी, 28 को अंग्रेजी, 29 को संस्कृत, पंजाबी या उर्दू, 30 को विज्ञान और 31 अक्तूबर को ड्राइंग, म्यूजिक, होम साइंस व एग्रीकल्चर की परीक्षा होगी। सातवीं कक्षा में 24 अक्तूबर को हिंदी, 25 को ड्राइंग, म्यूजिक, होम साइंस या एग्रीकल्चर, 27 को अंग्रेजी, 28 को विज्ञान, 29 को गणित, 30 को संस्कृत, पंजाबी या उर्दू और 31 अक्तूबर को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा होगी। आठवीं कक्षा में 24 अक्तूबर को ड्राइंग, म्यूजिक, होम साइंस या एग्रीकल्चर, 25 को विज्ञान, 27 को गणित, 28 को हिंदी, 29 को अंग्रेजी, 30 को सामाजिक विज्ञान और 31 अक्तूबर को संस्कृत, पंजाबी या उर्दू की परीक्षा होगी।

### बड़ी में प्लाट आवंटन में गड़बड़ी के आरोप, बीडीपीओ कार्यालय पहुंचे ग्रामीण

**गन्नौर।** गांव बड़ी में रिहायशी प्लाटों के आवंटन के बाद ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। कार्रवाई न होने से नाराज ग्रामीण बुधवार को बीडीपीओ कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कर पारदर्शी तरीके से प्लाट आवंटन की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पात्र परिवारों को दरकिनार कर अपात्र लोगों को जाली दस्तावेजों के आधार पर लाभ दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके परिवारों की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये से कम है और उन्हें अब तक कोई सरकारी प्लाट नहीं मिला है। वहीं, कई ऐसे लोगों को प्लाट आवंटित कर दिए गए हैं जिनकी आय पात्रता सीमा से अधिक है या जिनके पक्के मकान पहले से बने हुए हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लेकर धरना देने को मजबूर होंगे।

**अपात्रों को प्लाट देने का आरोप**




रोचक / अभिव्यक्ति त्रिवेदी

# वाओ, इट्स अमेजिंग!



बच्चो, देश-विदेश में एक से बढ़कर एक सुंदर इमारतें बनाई गई हैं। इनमें से कुछ तो देखने में बहुत ही अजब-गजब हैं, वास्तुकला का अद्भुत नमूना हैं। इन्हें देखकर अनायास ही मुंह से निकलता है-वाओ, इट्स अमेजिंग! जानो, ऐसी ही कुछ अनोखी बिल्डिंग्स के बारे में।

### बिग बास्केट बिल्डिंग अमेरिका

**अमेरिका के** न्यूयॉर्क में एक अनोखी टोकरीनुमा इमारत है, इसे 'बास्केट बिल्डिंग' के नाम से जाना जाता है। इसका निर्माण लॉन्गबर्गर कंपनी ने वर्ष 1997 में किया था। यह बास्केट बिल्डिंग हाथ से बनी मेपल की लकड़ी की टोकरियों के प्रसिद्ध निर्माता लॉन्गबर्गर कंपनी का मुख्यालय रही है। विश्व की सबसे बड़ी बास्केट बिल्डिंग होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी इस बिल्डिंग के नाम है। इस 7 मंजिला इमारत में नेचुरल लाइट के लिए कांच की छत है। इसके ऊपर दो स्टील के हैंडल लगे हैं, जिनमें से प्रत्येक का वजन करीब 75 टन है। टोकरी के बड़े हैंडल सर्दियों में किसी भी तरह के नुकसान से बचाने के लिए गर्म रखे जाते हैं। इमारत पर दो टैग लगे हैं, जो लॉन्गबर्गर द्वारा बेची जाने वाली हर टोकरी पर लगे लेबल से मिलते-जुलते हैं। *



### साइबरटेक्चर एग बिल्डिंग भारत

**मुंबई में** स्थित जेम्स लॉ साइबरटेक्चर बिल्डिंग का डिजाइन अपने आप में बहुत अनूठा है। इस इमारत को हॉन्ग-कॉन्ग की एक फर्म ने डिजाइन किया है। 13 मंजिला यह कमर्शियल बिल्डिंग अंडे के आकार की है। इस इमारत को बनाने में कंक्रीट, स्टील और ग्लास का इस्तेमाल नहीं किया गया है। इसके ऑफिस का कैंपस 33,000 स्क्वेयर मीटर में बना हुआ है। तीन अंडरग्राउंड लेवल्स में 400 गाड़ियों के लिए पार्किंग स्पेस भी है। अपनी डिजाइनिंग के लिए ही नहीं, अपने एन्वॉयर्नमेंट फ्रेंडली स्ट्रक्चर के लिए भी यह इमारत प्रसिद्ध है। *

### बर्ड्स नेस्ट स्टेडियम चीन



**बीजिंग राष्ट्रीय** स्टेडियम, जिसे बर्ड्स नेस्ट यानी 'चिड़िया का घोंसला' के नाम से भी जाना जाता है। यह पूरी दुनिया में अपनी तरह की एक अनोखी संरचना है। यह चीन के बीजिंग के चाओयांग में ओलंपिक ग्रीन में स्थित एक स्टेडियम है। इस स्टेडियम की क्षमता लगभग 80,000 लोगों की है। यह वर्ष 2008 में बनकर तैयार हुआ था। इस स्टेडियम को खासतौर से 2008 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक और पैरालिंपिक के लिए डिजाइन किया गया था। *

### गिटार शेप्ड होटल अमेरिका

**अमेरिका के** दक्षिण फ्लोरिडा में स्थित गिटार के आकार का होटल, अपनी तरह का पहला होटल है। अक्टूबर 2019 में इसका निर्माण शुरू हुआ था। यह होटल 35 मंजिला है। यह गिटार होटल दक्षिण फ्लोरिडा में 450 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। दक्षिण फ्लोरिडा के पर्यटन क्षेत्र में इसका अनोखा स्थान है। इसमें 600 से ज्यादा कमरे हैं। रात में इसकी जगमगाती लाइट्स, गिटार के तारों जैसी लगती हैं। *



### बिग पाइनएप्पल ऑस्ट्रेलिया

**बिग पाइनएप्पल,** क्वींसलैंड, ऑस्ट्रेलिया के सनशाइन कोस्ट क्षेत्र के वूमबी, नैंबोर कनेक्शन रोड पर स्थित एक आकर्षक दर्शनीय बिल्डिंग है। इसे पेडल फॉर्ड और हार्वे, पॉल लफ और गैरी स्मॉलकॉम्ब एंड एसोसिएट्स ने डिजाइन किया था। इसे सनशाइन प्लांटेशन के नाम से भी जाना जाता है। इसको 6 मार्च 2009 को क्वींसलैंड हेरिटेज रजिस्टर में शामिल किया जा चुका है। *



### हाई-हील वेडिंग चर्च ताइवान

**ताइवान के** बुदाई टाउनशिप में यह एक विशाल कांच का चर्च है, जो सिंड्रेला के कांच के जूते के आकार का है। यह हाई-हील वेडिंग चर्च महिला श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से 2016 में बनाया गया था। इसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा दुनिया की सबसे बड़ी हाई-हील के आकार की संरचना के रूप में प्रमाणित भी किया गया है। *



### नोंक पर टिका चर्च कनाडा


**कनाडा के** कैलेग्री में यह चर्च स्थित है। यह देखने में उल्टा लगता है। यह एक नोंक पर टिका हुआ चर्च है। कनाडा आने वाले पर्यटकों के लिए यह आकर्षण का केंद्र है। कनाडा के इस अनोखे चर्च का नाम 'डिवाइस टू रूट आउट डेविल' है। इसका मतलब शैतान या बुराई को जड़ से उखाड़ने के यंत्र से है। इसका निर्माण 2019 में हुआ था। *



बच्चो, किसी पहाड़ की ऊंचाई से गिरते हुए पानी को झरना यानी वाटर फॉल कहते हैं। ऊंचे पहाड़ों से जब तेज गति के साथ पानी गिरता है, तो यह दृश्य बहुत ही मनोरम लगता है। हम तुम्हें अपने देश के तीन सबसे ऊंचे झरनों के बारे में बता रहे हैं।

# देश के तीन फेमस हाईएस्ट वाटर फॉल्स

जानकारी
नयनतारा



**ब**च्चो, झरना यानी वाटर फॉल किसी ऊंचाई से नीचे की तरफ गिर रहा पानी का एक नेचुरल फ्लो होता है। आमतौर पर झरना ऊंचे पहाड़, ऊंची चट्टान या चट्टानी ढलान से नीचे की तरफ गिरता है। जब झरने का यह पानी नीचे की तरफ गिरता है, तो बड़ा ही मनोरम लगता है। अपने देश में ऐसे बहुत से सुंदर-प्रसिद्ध झरने हैं, जिसे देखने देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। इनमें से कुछ झरनों की विशेषताओं के बारे में यहां हम तुम्हें बता रहे हैं।

**दूसरा सबसे ऊंचा झरना:** बच्चो, देश का दूसरा सबसे ऊंचा झरना ओडिशा के मयूर भंज जिले के सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान में स्थित है। यह बरेहीपानी नाम से जाना जाता है। यह झरना 399 मी. (1,309 फीट) की ऊंचाई से गिरता है। बरेहीपानी झरना देखने के लिए पर्यटकों को कोई परमिशन नहीं लेनी पड़ती। लेकिन चूंकि यह झरना सिमलीपाल नेशनल पार्क में स्थित है, इसलिए नेशनल पार्क में प्रवेश करने के लिए वन विभाग से परमिट लेना जरूरी होता है। यह परमिट पार्क के एंट्री गेट पर मिल जाता है।



**सबसे ऊंचा झरना:** कर्नाटक के शिवमोग्गा (शिमोगा) जिले के अगुंबे वर्षावन में स्थित कुंचिकल झरना भारत का सबसे ऊंचा झरना है। यह झरना 455 मी. (1,493 फीट) ऊंचा है और इससे गिरने वाले जल का मुख्य स्रोत कर्नाटक की वाराही नदी है। बच्चो, यह झरना कुंचिकल हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट क्षेत्र में स्थित है। यह स्थान प्रतिबंधित क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां बिना अनुमति के प्रवेश वर्जित होता है। पर्यटकों को यहां तक जाने के लिए कर्नाटक पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड से अनुमति लेनी पड़ती है।

**तीसरा सबसे ऊंचा झरना:** अपने देश का तीसरा सबसे ऊंचा झरना, पूर्वोत्तर राज्य मेघालय में चेरापूंजी के पास नोहकलिकई नामक झरना है, जो 340 मी. (1,115 फीट) ऊंचाई से गिरता है। इस झरने के व्यू प्वॉइंट तक जाने के लिए मेघालय पर्यटन विभाग को फिक्स एंट्री-फी देनी होती है। *



कविता / अरुण आदित्य

## खुशी



फूल टहनियों पर खुश रहते
तितली फूलों पर
चिड़ियां पेड़ों पर खुश रहतीं
बच्चे झूलों पर।
चांद आसमां में खुश रहता
मछली पानी में
पानी नदियां में खुश रहता
नदी रवानी में।
फुलवारी से फूल न तोड़ो
तितली को मत पकड़ो
चिड़ियों को आजादी प्यारी
पिंजरे में मत जकड़ो।
चांद पे झूला डाल के झूलो
नदियों को बहने दो
जिसको जहां खुशी मिलती है
उसे वहीं रहने दो।

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

## मिथकों से विज्ञान तक



**हा**ल में किशोरों के लिए एक बहुत रोचक-ज्ञानवर्धक किताब आई है-मिथकों से विज्ञान तक। इसके लेखक हैं प्रसिद्ध वैज्ञानिक गौहर रजा। यह किताब तुम्हें कई सवालों के जवाब देगी जैसे कि ब्रह्मांड कैसे बना और समय के साथ उसमें क्या-क्या बदलाव आए? विज्ञान और मिथकों में क्या फर्क है? विज्ञान और धर्म एक-दूसरे के विरोधी हैं या पूरक? इस किताब में दुनिया भर के मिथकों के उदाहरण देकर विज्ञान की कसौटी पर उन्हें परखा गया है। किताब में ऐसे भी उदाहरण दिए गए हैं, जिससे तुमको मनोरंजन और ज्ञान दोनों मिलेगा। अगर तुम्हारी विज्ञान में रुचि है तो इस किताब को जरूर पढ़ना चाहिए। *

**किताब :** मिथकों से विज्ञान तक, **लेखक :** गौहर रजा,
**मूल्य :** 299 रुपए, **प्रकाशक :** पेंगुइन, स्वदेश

बूढ़े कछुए ने आरसी को बताया कि समुद्र में इंसानो द्वारा फेंका गया प्लास्टिक कचरा समुद्र और समुद्री जीवों के लिए बहुत घातक है। आरसी ने तय किया वह प्रयास करेगा, ऐसा ना हो। क्या आरसी अपने प्रयास में सफल हुआ?

# जल की पुकार





कहानी
कल्पना मनोरमा

**'क**पड़े के थैले इस्तेमाल करें और प्लास्टिक भूल जाएं, तो समुद्री जीवों की जान बच सकती है, समुद्र जहरीला नहीं, साफ-सुथरा रहेगा।' बूढ़े कछुए ने दूसरे किनारे की ओर पड़े प्लास्टिक कचरे की ओर इशारा किया। आरसी ने देखा- एक छोटी मछली प्लास्टिक के बड़े टुकड़े में उलझकर तड़प रही है। पास ही एक कछुआ बेसुध पड़ा है। आरसी की आंखें भर आईं। उसने धीमे से पूछा, 'क्या इंसान नहीं जानता कि वह कुदरत को बिगाड़ रहा है?'

बूढ़े कछुए ने सिर हिलाया, 'कुछ जानते हैं, कुछ नहीं। लेकिन जब बच्चे सच बोलते हैं, तो बड़े भी सुनते हैं।'

आरसी ने गहरी सांस ली और बोला, 'मैं सभी की आवाज बनूंगा। मैं जल की पुकार बनूंगा।'

उस दिन से आरसी ने एक नया खेल खेलना शुरू किया। वह समुद्र किनारे जाकर चिल्लाता, 'सुनो, सुनो! जल कुछ कहता है–प्लास्टिक मत फेंको!'

शुरू-शुरू में बच्चे आरसी की इस गुहार पर हंसते, लेकिन धीरे-धीरे वे अपने खेल का सामान, खाना-पीना थैले में लेकर आने लगे। समुद्र में कुछ नहीं बहाते। समुद्र का किनारा साफ रहने लगा। एक दिन आरसी ने देखा- लहरें मानो ताली बजा रही हैं।

पानी के भीतर से मधुर स्वर गूंज रहा था- 'जल की पुकार सुनो, जीवों की रक्षा करो।'

आरसी ने बूढ़े कछुए को खोजकर अपनी सफलता बताई। बूढ़ा कछुआ मुस्कुराया, 'देखा, आरसी! यही असली बदलाव है। जब बच्चे सच बोलते हैं, तो बड़े भी सुनते हैं।'

आरसी उस रात चांद के साथ समुद्र के किनारे बहुत देर तक घूमता रहा। *



कहानी
प्रकाश मनु

धरती पर चमेली के फूल ऐसे ही नहीं खिले, इसके पीछे एक अजीबो-गरीब कहानी है, जो एक भोली-भाली लड़की के अद्भुत साहस की कहानी है।

# खिल उठे चमेली के फूल



**ए**क थी चमेली। बड़ी ही सुंदर और भोली-भाली, लेकिन वह दिलेर भी कम न थी। गांव में जो काम कोई बच्चा नहीं कर पाता, उसे चमेली झट कर दिखाती। उसकी हिम्मत देखकर बच्चे ही नहीं, बड़े भी हैरान होते।

एक दिन, चमेली अपनी सहेलियों से बात कर रही थी। तभी किसी ने कहा, 'अगर इतनी ही होशियार हो तो क्या तुम अक्का बाबा का मोती ला सकती हो?'

'अक्का बाबा का मोती!' चमेली चकराई। अभी तक तो किसी ने यह सोचा भी नहीं था। कहते हैं, सैकड़ों बरस पहले सामने वाले पहाड़ की ऊंची चोटी पर रहते थे अक्का बाबा। उनके पास एक विचित्र मोती था। खूब बड़ा। नीचे धरती से उस मोती को देखने पर एकदम गोल-गोल चांद सरीखा लगता। अक्का बाबा कहा करते थे, 'यह खुशहाली का मोती है, पर इसे धरती पर ले जाना कोई खेल नहीं।'

सचमुच बहुतों ने कोशिश की, पर अक्का बाबा के उस मोती को कोई छू भी नहीं पाया। बड़ी ही कठिन चढ़ाई थी वहां की। पर चमेली ने सुना तो झट से बोली, 'हां-हां, क्यों नहीं?' और उसी समय चमेली ने पहाड़ पर चढ़ना शुरू कर दिया। शाम का समय था। चमेली तेजी से पहाड़ पर चढ़ती जा रही थी। कुछ देर में रात हो गई। सारे कबीले के लोग हैरानी से चमेली को देख रहे थे, जो सीधे खड़े पहाड़ पर बड़ी हिम्मत से चढ़ती जा रही थी।

वह पूनम की चांदनी रात थी। सब ओर चांदनी बिखरी हुई थी। इसलिए दुर्गम पहाड़ पर तेजी से चढ़ती चमेली हर किसी को नजर आ रही थी। सभी उसकी हिम्मत की दाद दे रहे थे। चलते-चलते चमेली आखिर पहाड़ की चोटी पर पहुंची। उसने अक्का बाबा का मोती उठाया और फौरन वापस नीचे की ओर चल दी। ऐसा लगता था, आसमान के चांद की तरह चमेली की हथेली पर भी एक चांद रखा है, जिसे लिए-लिए वह धरती पर आ रही है।

सुबह चमेली धरती पर आई, तो कबीले के लोगों ने हैरानी से देखा कि सांवले रंग की चमेली अब एकदम चांदनी जैसी उजली हो गई थी। पता नहीं, यह पूनम की चांदनी का असर था या फिर उस बड़े से श्वेत मोती का, जो अब चमेली के हाथ में था। पर जैसे ही चमेली ने वह अनोखा मोती अपनी सहेलियों को दिया, उनमें पहले उसे लेने की होड़ लग गई। और फिर न जाने कब वह धरती पर गिरा और टूट कर छोटे-छोटे टुकड़ों में बंट गया।

तभी एक और चमत्कार हुआ। लोगों ने देखा, चमेली अब अदृश्य हो चुकी थी और जहां वह मोती टूट कर गिरा था, वहां छोटे-छोटे सुंदर, महकते फूल खिल उठे थे। कबीले के लोगों ने उनका नाम रखा, चमेली के फूल। जहां-जहां उस कबीले के लोग गए, वहां-वहां पहुंचे चमेली के फूल और फिर एक दिन सारी धरती पर छा गए। *

## जीके क्विज-176

1. साल 2025 में शांति का नोबेल पुरस्कार किसे मिला है?
2. भारत के वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त कौन हैं?
3. संयुक्त राष्ट्र का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
4. गुरुत्वाकर्षण की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
5. विश्वनाथन आनंद का संबंध किस खेल से है?
6. गाजर में कौन सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
7. श्वेत क्रांति (व्हाइट रिवोल्यूशन) का संबंध किससे है?
8. भारत का दक्षिणतम बिंदु किस नाम से जाना जाता है?
9. भारत में सबसे पहले सूर्योदय किस राज्य में दिखता है?
10. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-176 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-175 का उत्तर :** 1.लास्जलो क्रास्जनाहोरकाई, 2.स्वामी विवेकानंद, 3.कार्तिक, 4. प्रशांत महासागर, 5.गुजरात, 6.स्टेपीज, 7.दयानंद सरस्वती, 8.प्रकाश वर्ष, 9.पेरिस (फ्रांस), 10.बाल गंगाधर तिलक

**जीके क्विज-175 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, आशुतोष-रायपुर, कमल-बिलासपुर, राजन-भोपाल, शिखर-बालोद, जतिन-दिल्ली, कुसुम-बेमेतरा, प्रियांक-बलौदा बाजार, सोहम-कांकेर, अविनाश-गुना, राखी-दुर्ग

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां फुटबॉल खेल रहे लड़कों के दो चित्र दिए गए हैं। इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये पांचों अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट पांच अंतर खोजो।



**उत्तर:** 1. स्ट्राइकर (गोल करने वाला खिलाड़ी) की दोनों आंखें बंद हैं। 2.स्ट्राइकर की जर्सी का नंबर बदला हुआ है। 3.स्ट्राइकर के दाहिने पैर के जूते पर दो धारियां बनी हुई हैं। 4.ऊपर आसमान में बादल के दो टुकड़े दिख रहे हैं। 5.मैदान में आगे कम घास उगी हुई है।

## सही मिलान करो

बच्चो, नीचे बाईं तरफ कुछ चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ उन चित्रों की परछाई क्रमवार नहीं हैं। तुम पेंसिल या पेन की सहायता से प्रत्येक चित्र के साथ उसकी सही परछाई का मिलान करो।




उत्तर: 1-D, 2-C, 3-A, 4-B

**खबर संक्षेप**

## युवक को नशीले पदार्थ सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने युवक को नशीले पदार्थ सहित काबू किया गया है। युवक से 05 ग्राम 860 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुआ है। आरोपी को पेश अदालत किया गया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग अंकित कर कार्यवाही की गई हैं। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। प्रभारी एएनसी स्टाफ पीएसआई मनोज ने बताया कि एएसआई संदीप के नेतृत्व में एएनसी की टीम जेपी कॉलोनी के पास गश्त में मौजूद थी। दौराने गश्त युवक को शक के आधार पर काबू किया।

## 60 हजार की ठगी करने वाला तीसरा आरोपी काबू

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने 60 हजार रुपये की हुई ठगी की वारदात में शामिल तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना महम के एसआई सुभाष ने बताया कि सीसर खास निवासी रामवीर की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरु की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि एक सितम्बर को रामवीर के पास फोन आया कि युवक ने रामवीर के पास गलती से 50 हजार रुपये भेज दिये। युवक ने रामवीर को कहा कि वह अपना नम्बर भेज रहा है। युवक ने रामवीर को बातो मे उलझा कर 60 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिये।

## हरीश जोगी बने इनेलो शहरी हलका युवा प्रधान

**रोहतक।** इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गोस्वामी की सलाह पर जिला रोहतक की युवा इकाई के अध्यक्ष बल्लू खेड़ी साध ने हरीश जोगी को रोहतक शहरी हल्का युवा प्रधान, अशोक पावडिया को युवा हल्का शहरी संयोजक, निशांत ढाका को हल्का कलानौर का युवा विंग प्रधान, पवन सिवाच को महम युवा इकाई का प्रधान तथा सोनू कसरेंटी को गढ़ी-सांपला किलोई का युवा विंग का प्रधान नियुक्त किया है।

## आज होगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम

**रोहतक।** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 24 अक्टूबर को पैन इंडिया में कृषि आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य उद्देश्य कृषि ऋण के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी उपलब्ध करवाना एवं इसकी स्वीकृति में लगने वाले समय को कम कर मौके पर ही स्वीकृति देना है। प्रवीन ने कृषकों से अपील की है कि वे कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे।

### विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर किया पुरस्कृत

# बड़ौता महाविद्यालय ने एटीसी 129 कैंप में कब्जाए 93 पदक

### कैडेट्स ने ड्रिल, फायरिंग व क्विज सहित अन्य गतिविधियों में फहराया परचम

**मार्गदर्शन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. अनिल का रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बड़ौता गांव स्थित राजकीय महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने नरवाना में सम्पन्न एटीसी-129 कैंप में विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 93 पदक हासिल किए। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने की दिशा में कैडेट्स को उनके इस प्रदर्शन के लिए गुरुवार को महाविद्यालय में पुरस्कृत किया गया।

महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने एटीसी-129 कैंप में ड्रिल, फायरिंग, क्विज, गार्ड ऑफ ऑनर, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का परचम फहराया। कैडेट्स की ड्रिल टीम ने विशेष रूप से कैंप में अनुशासन, तालमेल और जोश का शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। मार्गदर्शन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. अनिल बड़गुजर का रहा। गुरुवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल ग्रोवर एवं शिक्षकों ने एनसीसी कैडेट्स को आशीर्वाद देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय अपितु पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। इस शानदार प्रदर्शन के लिए कमांडिंग ऑफिसर एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी कैडेट्स को बधाई दी।



गोहाना। गुरुजनों के साथ पदक विजेता एनसीसी कैडेट्स। फोटो :हरिभूमि



खरखौदा। छात्रा का स्वागत करते प्राचार्या व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### खुशी ने जीता कांस्य

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, पिपली में पढ़ने वाली बीए तृतीय वर्ष की छात्रा खुशी ने अंतर महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता में 52 किलो भार वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। महाविद्यालय पहुंचने पर महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. तराना नेगी ने छात्रा खुशी को बधाई दी व उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, पिपली में पढ़ने वाली बीए तृतीय वर्ष की छात्रा खुशी ने अंतर महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता में 52 किलो भार वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया हैमहाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग व खेल प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि खुशी ने पिछले सत्र में पदक जीता था। महाविद्यालय के अन्य शिक्षकों,स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने भी इस अवसर पर खुशी को बधाई दी व भविष्य ढेरों ओर पदक जीतने की शुभकामनाएं दी।

# दिव्यांगजन हमारे समुदाय का हिस्सा

**समावेशी शिक्षा पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राजकीय आदर्श संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन सोनीपत में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत दो दिवसीय जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ वीरवार को प्राचार्य व खंड समन्वयक संजीव कुमार दहिया की अध्यक्षता में किया गया। प्रशिक्षण में 30 सामान्य शिक्षक, 14 एसएमसी मेंबर, 5 आंगनवाड़ी वर्कर सहित कुल 70 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में निर्मला व इमरान आलम उपस्थित रहे। निर्मला ने दिव्यांगजन से संबंधित अधिकार अधिनियम सहायक उपकरण समावेशी शिक्षा में सामान्य शिक्षक की भूमिका आदि महत्वपूर्ण तथ्यों पर प्रकाश डाला, वहीं रिसोर्स पर्सन इमरान आलम ने नेत्रहीन बालकों के संचार में उपयोग होने वाली ब्रेल लिपि के बारे में जानकारी प्रतिभागियों को दी। कार्यक्रम का औचक निरीक्षण करने पहुंचे सहायक जिला परियोजना समन्वयक डॉ. अत्तर सिंह ने प्रतिभागियों को बताया कि दिव्यांगजन भी हमारे समुदाय का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।




सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान जानकारी देते अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि



ग्रामीणों के साथ विचार साझा करते सांसद सतपाल ब्रह्मचारी और विधायक इंदुराज।

### आपसी भाईचारा ही समाज की ताकत : इंदुराज

**गोहाना।** लोकसभा क्षेत्र सोनीपत के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी और बरोदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंदुराज नरवाल ने गुरुवार को गांव रूखी में एक सामाजिक समारोह में शिरकत की। दोनों कांग्रेस नेताओं ने सामाजिक मजबूती को लेकर ग्रामीणों के साथ अपने विचार साझा किए। विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि आपसी भाईचारा ही समाज की असली ताकत है। गांव व समाज के विकास के लिए लोगों को एकजुट होकर एक दूसरे के दुख-सुख का साझी बनना चाहिए। इससे समाज में सामाजिकता का विकास होता है और आपसी भाईचारा भी मजबूत बनता है। कार्यक्रम में दोनों नेताओं ने कांग्रेस एससी विभाग के महासचिव नरेंद्र बागड़ी की बेटी निशा बागड़ी को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दी। जिला पार्षद रवि इंदौरा, प्रदेश सचिव जगशेर नूरनखेड़ा, आजाद सिंह बागड़ी, सरपंच बलराम, रणधीर बागड़ी, एसएस सोलंकी, पूर्व सरपंच राजेंद्र ठसका, तलवीर गलगू चहल, गायक ईशा पांचाल, हरज्ञान मलिक, ईश्वर बागड़ी, पवन मालक, भगत राम मोई, नरेंद्र शर्मा, मुकेश सरोहा बुटाना, राजेश बागड़ी आदि मौजूद थे।

### बाल विद्यार्थियों की दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताएं आज से

**गोहाना।** शैक्षणिक खंड गोहाना के कक्षा तीसरी कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों की खेल प्रतियोगिताएं 24 और 25 अक्तूबर को आयोजित होंगी। पहले दिन लडक़ों की और दूसरे दिन लड़कियों की प्रतियोगिताएं होंगी। खेलों के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य सतेंद्र कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिताएं शहीद मदनलाल धींगड़ा खेल स्टेडियम गोहाना, योगासन प्रतियोगिताएं राजकीय कन्या वमावि गोहाना, खो-खो प्रतियोगिताएं राजकीय वमावि सरगथल, कबड्डी प्रतियोगिताएं राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि लाठ और कुश्ती प्रतियोगिताएं शमशेर अखाड़ा भैंसवाल कलां में आयोजित होंगी। खेलों के सफल आयोजन की जिम्मेवारी डीपीई लक्ष्मण सिंह, डीपीई जगविजय, डीपीई संजय, पीटीआई शमशेर और पीटीआई मनजीत को सौंपी गई है।

# गुरुनानक दिवस के प्रकाश दिवस के उपलक्ष्य में प्रभात फेरियां शुरू

**संगत को गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व की बधाई दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आज गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा गीता भवन चौक सोनीपत से एवं नगर के अन्य सभी गुरुद्वारों से श्री गुरु नानक देव के प्रकाश दिवस के उपलक्ष्य में प्रभात फेरियां शुरू की गई। गुरुद्वारा साहब से ठीक सुबह 4:00 बजे प्रभात फेरी आरम्भ होकर सबसे पहले अशोक खुराना एवं विक्की कुमार के घर एवं उपरांत विक्की हिंदुजा के घर एवं उसके उपरांत हरजीत कौर के घर पहुंची। महासचिव परमजीत सिंह द्वारा संगत को गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व की बधाई दी गई एवं सारी संगत को बताया कि डूबरी साहिब आसाम से आरंभ हुई यात्रा पूरे भारतवर्ष से होते हुए 27 अक्टूबर को सोनीपत में दोपहर 1 बजे प्रवेश करेगी। सोनीपत नगर की संगत द्वारा गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर मेमोरियल बड़खालसा में इस यात्रा का स्वागत किया जाएगा। यह यात्रा श्री गुरु तेग बहादुर साहब के 350 साला शहीदी दिवस को समर्पित है। जिसका आयोजन शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर द्वारा किया जा रहा है।



सोनीपत। प्रभात फेरी के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण। फोटो :हरिभूमि

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 26 को

गन्नौर। स्थानीय लायंस क्लब, कम्युनिटी सेंटर गन्नौर में लायंस क्लब गन्नौर द्वारा इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें लोगों की विभिन्न बीमारियों की जांच और परामर्श की सुविधा पूरी तरह मुफ्त में दी जाएगी। स्वास्थ्य शिविर में इंद्रप्रस्थ अस्पताल के अनुभवी चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। इनमें डॉ. विशाखा मेहता (जनरल रोग विशेषज्ञ), डॉ. सलेनी सिंघला (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. उद्धत नाशा (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. सौम्या श्रीवास्तव (बाल रोग विशेषज्ञ) तथा डॉ. करण कुकरेजा (जनरल सर्जन) के अलावा सभी विशेषज्ञ मरीजों की जांच कर उचित सलाह देंगे। मुख्य अतिथि के रूप में श्री अरुण त्यागी, चेयरमैन नगर पालिका गन्नौर उपस्थित रहेंगे। जिम्मेदारी लायन हरिविंद्र त्यागी (चेयरमैन लायंस क्लब, गन्नौर), लायन गौरव अपनी सेवाएं देंगे।

# कुश्ती हमारी खेल संस्कृति का अहम हिस्सा

**बाबा गोसाई वाले मंदिर में मेला व दंगल आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना


गांव बरोदा ठुठान स्थित बाबा गोसाई वाले मंदिर में गुरुवार को वार्षिक मेला और कुश्ती दंगल आयोजित किया गया। मेले में भारी तादाद में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना करके मन्नतें मांगी। मेले में महिलाओं और बच्चों ने अपनी पसंद की चीजें खरीदी। कुश्ती दंगल में अनेक दिग्गज पहलवानों ने दांव-पेंच लगाते अपनी ताकत दिखाई। दंगल में बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल पहलवानों को अपना आशीर्वाद देने पहुंचे। उन्होंने कहा कि कुश्ती दंगल हमारी खेल संस्कृति का अहम हिस्सा हैं।



गोहाना। विधायक इंदुराज नरवाल को स्मृति चिह्न भेंट करते ग्रामीण।

### ये रहे मौजूद

कुश्ती दंगलों में हमारी प्राचीन कुश्ती परम्परा की झलक देखने को मिलती है। विधायक ने कहा कि युवाओं को खेलों पढ़ाई के साथ खेलों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। पढ़ाई और खेलों में हिस्सा लेने से युवाओं के समक्ष कॅरियर निर्माण के दोहरे विकल्प होते हैं। खेलों से युवा नशे की लत से भी बचे रहते हैं। खेलों से जीवन में अनुशासन आता है और मेहनत करने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर सरपंच जितेंद्र खासा, अजय खासा, वीरेंद्र खासा, पोपी खासा, अशोक खासा व पहलवान आनंद उपस्थित रहे।




सोनीपत। छात्राओं के साथ कंपनी के अधिकारी एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

### गेटवे इंजीनियरिंग कॉलेज की दो छात्रों का सॉफ्टवेयर कंपनी में चयन

**सोनीपत।** गेटवे इंजीनियरिंग कॉलेज प्रशिक्षण एवं नियुक्ति विभाग द्वारा कॉलेज की दो प्रतिभाशाली छात्राओं का चयन कंपनी में हुआ है। दोनों छात्राओं ने तीन चरणों वाली कठिन साक्षात्कार प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पार करते हुए यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। बीसीए विभाग की छात्रा अर्जू का चयन सॉफ्टवेयर असिस्टेंट के पद पर हुआ है, जबकि अमिशी को प्रणाली असिस्टेंट इंजीनियर के रूप में नियुक्ति प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि दोनों छात्राओं की मेहनत, लगन और आत्मविश्वास का परिणाम है। संस्थान के महानिदेशक डॉ. अमिक गर्ग तथा प्राचार्य विनय कुमार सिंगल ने दोनों छात्राओं को इस उत्कृष्ट सफलता पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत सिद्ध होगी और यह दर्शाती है कि समर्पण, अनुशासन और निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

# दिल्ली एनसीआर में महाराजा अग्रसेन का मंदिर बनना गौरव की बात : अशोक गोयल

**विधायक ने की पत्नी संग गोवर्धन की पूजा -अर्चना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

श्री अग्रसेन धाम कुंडली में गोवर्धन महाराज पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। गोबर से निर्मित 31 फीट ऊंचे गिरिराज की पूजा करने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंच रहे हैं। सोनीपत के नगर निगम मेयर राजीव जैन और मॉडल टाउन दिल्ली के विधायक अशोक गोयल देवराहा श्री अग्रसेन धाम पर गोवर्धन महाराज का आशीर्वाद लेने पहुंचे। दोनों ने विधि विधान से पूजा की। विधायक अशोक गोयल देवराहा ने कहा कि दिल्ली एनसीआर में महाराजा अग्रसेन का भव्य मंदिर बनना पूरे अग्रवाल समाज के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति महाराजा अग्रसेन जी के दर्शन करने के लिए अग्रोहा नहीं जा सकता। इसलिए यहां आकर वह महाराजा अग्रसेन जी का इतिहास जान सकता है। विधायक ने मंदिर निर्माण में हर संभव मदद का आश्वासन दिया।



मेयर राजीव जैन और मॉडल टाउन दिल्ली के विधायक अशोक गोयल देवराहा पूजा अर्चना करते।

### ये रहे उपस्थित

भजनों की ताल और सुर के बीच विधायक अशोक गोयल ने जो राम को लाए हैं, वो श्याम को भी लाएंगे जैसे दो भजन सुना कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में अग्रवाल समाज मॉडल टाउन के प्रधान प्रेम चंद गुप्ता, धाम के चेयरमैन जगदीश राय गोयल, प्रधान राजेंद्र अग्रवाल, उपप्रधान अतुल सिंघल, महासचिव अनिल गोयल, कोषाध्यक्ष दीपक मंगला एवं दीपक मित्तल, संगठन मंत्री राजेश गोयल, राहुल सिंघल, जिला मीडिया प्रभारी पवन गुप्ता सहित सैंकड़ों भक्तों ने गोवर्धन महाराज की परिक्रमा करने के पश्चात अन्नकूट का प्रसाद लिया।



खरखौदा। भागवत कथा के दौरान पूजा अर्चना करते पवन शर्मा। फोटो :हरिभूमि

### 24 अवतारों की सुनाई कथा

**खरखौदा।** बुच्चेश्वर मंदिर खरखौदा में आयोजक पवन शर्मा पहरावर वाले के सौजन्य से डॉ. विष्णु दत्त बिरधाना ने कथा के दौरान बताया कि महाभारत युद्ध के बाद उत्तरा के गर्भ में ब्रह्मास्त्र से संकट आया, पर भगवान श्रीकृष्ण ने गर्भ में प्रवेश कर बालक की रक्षा की। वही बालक आगे चलकर राजा परीक्षित कहलाया, जिसने जन्म से ही भगवान का साक्षात दर्शन किया। युद्धोपरांत पांडव पितामह भीष्म के पास गए। शरशय्या पर लेटे भीष्म ने धर्म, नीति और भक्ति का उपदेश दिया और उत्तरायण के समय श्रीकृष्ण ध्यान में लीन होकर देह त्याग दी। भागवत में भगवान के 24 अवतारों का वर्णन है - जैसे वराह, नृसिंह, वामन, राम, कृष्ण, बुद्ध और कल्कि। हर अवतार धर्म की पुनर्स्थापना और भक्तों की रक्षा हेतु हुआ। एक समय सती ने अपने पिता दक्ष के यज्ञ में स्वयं को अग्नि में समर्पित किया, क्योंकि उनके पिता ने भगवान शंकर का अपमान किया था। सती के शरीर-त्याग के बाद शंकर जी गहन तप में लीन हो गए। समय बीता, सती ने पर्वतराज हिमालय के यहाँ पार्वती के रूप में पुनर्जन्म लिया। उन्होंने शिवजी को पुनः पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तप किया। देवताओं ने भी उन्हें प्रोत्साहित किया, क्योंकि तारकासुर का वध केवल शिव–पुत्र कार्तिकेय के द्वारा होना था।

### मेयर ने कबीरपुर व बाबा कालोनी में बनाए घाटों का किया निरीक्षण

# महापर्व छठ धूमधाम से मनाया जाएगा : जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

लोक आस्था का महापर्व छठ के मद्देनजर नगर निगम मेयर राजीव जैन ने वीरवार को विशेष रूप से रोहट नहर के साथ-साथ कबीरपुर, ऋषि कॉलोनी, कालूपुर एवं बाबा कालोनी के पार्कों में बनाए गए छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजीव जैन ने कहा कि छठ पर्व पूर्वांचल की आस्था का प्रतीक है। राजीव जैन ने कहा कि छठ व्रतियों की सुविधाओं के लिए पूर्वांचलियों की मांग पर शहर में कबीपुर व बाबा कालोनी में दो घाट व पार्क बनवाये गये हैं।



सोनीपत। घाटों का निरीक्षण करते मेयर राजीव जैन एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संजय ठेकेदार, अभिमन्यु सिंह पटेल, संतोष ठाकुर, शैलेन्द्र तोमर, विक्की शर्मा, सतीश साहनी, अर्पित मिश्रा, अजय चौहान, अरविंद पांडे, इंद्र मिश्रा, प्रदीप सिंह, रमेश सिंह, प्रभात चौधरी, अशोक तिवारी, किशन साहनी, राजकुमार शर्मा, सरवन साहनी, राजेश यादव, खूब लाल और रोहित आदि उपस्थित रहे।

### हजारों श्रद्धालु आएंगे

दोनों घाटों पर प्रत्येक वर्ष हजारों श्रद्धालु छठ पूजा के लिए एकत्रित होते हैं। उन्होंने कहा कि 27 अक्टूबर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य दिया जाएगा। ऐसे में दोनों घाटों पर सफाई, बिजली, पानी व रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने रोहट नहर का जायजा लेते हुए अधिकारियों को कहा कि किनारे पड़ी गंदगी की सफाई शनिवार तक करवाएं तथा ऋषि कॉलोनी में बने कच्चे घाट को श्रधालुओं की भीड़ देखते हुए और चौड़ा किया जाए। उन्होंने कहा कि 27 अक्टूबर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य दिया जाएगा। ऐसे में दोनों घाटों पर सफाई, बिजली, पानी व रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह बाबा कॉलोनी में बने छठ घाट के सामने खली पड़ी जमीन पर भी अस्थायी घाट बनाया जाएगा।

# टीबी मरीजों का इलाज 'भगवान के भरोसे', डॉक्टर नदारदः देवेंद्र

- आप नेता बोले - सीएमओ नींद से जागें, मरीजों को मिले उचित इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की पोल खुल गई है। आम आदमी पार्टी के सोनीपत लोकसभा क्षेत्र अध्यक्ष देवेंद्र गौतम ने आरोप लगाया है कि टीबी विभाग में डॉक्टर के नियमित रूप से अनुपस्थित रहने से मरीजों का इलाज क्लास-3 स्वास्थ्य कर्मचारियों के भरोसे चल रहा है। कहा कि ये कर्मचारी मरीजों की जांच से लेकर दवा और रिपोर्ट लिखने तक का काम कर रहे हैं, जो न सिर्फ लापरवाही बल्कि कानूनन अपराध है। गौतम ने कहा कि टीबी मरीजों को दी जाने वाली सरकारी सहायता और पोषण योजनाएं केवल कागजों में सिमट गई हैं। जिन कर्मचारियों को फील्ड में मरीजों की सेवा करनी चाहिए, वे ओपीडी में बैठकर डॉक्टर की भूमिका निभा रहे हैं। कटाक्ष किया कि अस्पताल में अब इलाज नहीं, "डेली वर्क रिपोर्ट" से मरीजों का स्वास्थ्य तय किया जा रहा है।



### आंदोलन की चेतावनी

देवेंद्र गौतम ने सीएमओ पर भी निशाना साधते हुए कहा कि या तो उन्हें अस्पताल की स्थिति की जानकारी नहीं है या फिर यह सब उनकी मौन स्वीकृति से हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक के आदेशों की अवहेलना करते हुए कई मेडिकल ऑफिसरों को अनधिकृत रूप से प्रशासनिक चार्ज दिया गया है। गौतम ने चेतावनी दी कि अगर सरकार और स्वास्थ्य विभाग ने स्थिति नहीं सुधारी, तो आम आदमी पार्टी सड़क से सचिवालय तक आंदोलन करेगी।

# जाजल में बाइक विवाद ने लिया बड़ा रूप, दोनों पक्ष आमने-सामने, छह गिरफ्तार

■ निष्पक्ष जांच की मांग लेकर पहुंचे ग्रामीण, थाना प्रभारी का तबादला, जांच तेज

**गुरुवार को सनातनी करणी सेना के प्रदेश महामंत्री दीपक चौहान के नेतृत्व में कई ग्रामीण उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और शिकायत सौंपी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गांव जाजल में बाइक को रास्ता देने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद अब गांव के माहौल को तनावपूर्ण बना चुका है। दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया, जिसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। इस विवाद ने अब प्रशासनिक स्तर पर भी हलचल पैदा कर दी है। एक पक्ष ने जिला उपायुक्त को शिकायत देकर निष्पक्ष जांच की मांग की, वहीं पुलिस ने दूसरे पक्ष के छह लोगों




को गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया। गुरुवार को सनातनी करणी सेना के प्रदेश महामंत्री दीपक चौहान के नेतृत्व में कई ग्रामीण उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और शिकायत सौंपी। उन्होंने बताया कि गांव में लंबे समय से रास्ते और जमीन से जुड़ा विवाद चल रहा है। किसानों को खेतों तक पहुंचने में अक्सर बाधा उत्पन्न होती है, जिससे आए दिन टकराव की स्थिति बन जाती है। चौहान ने कहा कि विवाद के दौरान दोनों ओर से लोग घायल हुए, लेकिन एक पक्ष की शिकायत पर तुरंत मुकदमा दर्ज कर लिया गया, जबकि दूसरे पक्ष की शिकायत को पुलिस ने अब तक दर्ज नहीं किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव में कुछ लोगों ने अवैध निर्माण कर रास्ता बंद कर दिया है और अब वही लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रामीणों ने उपायुक्त से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो गांव में तनाव और बढ़ सकता है। इस मौके पर योगेश जाजल, सिद्धार्थ, राहुल, देवराज, सोनू सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि वे इस मसले को लेकर राई से विधायक कृष्णा गहलावत और प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों से भी मुलाकात कर चुके हैं ताकि स्थिति सामान्य हो सके।

### छह आरोपित गिरफ्तार

इधर, पुलिस ने वसीम नामक व्यक्ति की शिकायत पर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिन्हें बाद में जमानत पर छोड़ दिया गया। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने दोनों पक्षों के छह-छह सदस्यों के खिलाफ निवारक कार्रवाई की है। पुलिस की टीम गांव में लगातार निगरानी बनाए हुए है और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त बल भी तैनात किया गया है।

### थाना प्रभारी का किया तबादला

इसी बीच, घटनाक्रम के बीच बहालगढ़ थाना प्रभारी का तबादला कर दिया गया है। अब पुलिस लाइन से इंस्पेक्टर अनिल को नए थाना प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा और दोषी पक्ष के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### खेत से मोटर की तार व स्टार्टर चोरी

**गन्नौर।** सांदल कला गांव के खेत में चोरों ने उत्पात मचाया। किसान ने चोरी की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में सांदल कला गांव निवासी अशोक ने बताया कि उसने खेत ठेके पर ले रखे है। वह 22 अक्टूबर की सुबह खेत में पानी चलाने के लिए गया था। जब वह खेत मे पहुंचा तो कमरे का ताला टूटा हुआ था। कमरे से मोटर की तार व स्टार्टर गायब थे। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर चोर कि तलाश शुरू कर दी है।

### सरकारी स्कूल में चोरी उपकरण व रिकॉर्ड गायब



**सोनीपत।** गांव बड़वासनी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चोरों ने घुसकर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने स्कूल के कार्यालय और कक्षाओं के ताले तोड़कर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी कर लिए और कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों से छेड़छाड़ की। विद्यालय की प्राध्यापिका एवं इंचार्ज भावना आर्य ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सुबह पार्ट-टाइम स्वीपर आनंद जब स्कूल पहुंचा तो उसने ताले टूटे देखे और तुरंत जानकारी दी। सूचना पर स्टाफ मौके पर पहुंचा तो पाया कि रिकॉर्ड रूम से एक कंप्यूटर सेट, यूपीएस और प्रिंटर चोरी हो चुके थे। लैब सहायक सीमा ने बताया कि कंप्यूटर लैब से 12 बैटरियां गायब हैं, जबकि माली बिजेंद्र के अनुसार स्कूल परिसर से दो स्टील की कस्सी और सीसीटीवी सिस्टम का डीवीआर भी चोरी हुआ है। पुलिस ने भावना आर्य के बयान पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना से स्कूल स्टाफ में रोष है और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

### शहीद भगत सिंह युवा क्लब का रक्तदान शिविर 26 को

**गोहाना।** शहीद भगत सिंह युवा क्लब आहुलाना द्वारा 26 अक्तूबर को रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर गोहाना में महम मार्ग स्थित गुढ़ा चुंगी पर आयोजित होगा। मुख्य अतिथि बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल और विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति कथूरा के चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप मलिक होंगे। शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। शहीद भगत सिंह युवा क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज को जागरूक करने के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर से युवाओं को नई दिशा देने का काम किया जाएगा।

# नई अनाज मंडी में पांच दिन से धान की खरीद बंद, किसानों ने गेट पर लगाया ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

■ गोहाना, सोनीपत और कासंडी मंडियों में दो मिलर्स द्वारा अब तक 10,343 एमटी धान खरीदा जा चुका

■ दोनों मिलर्स ने 18 के बाद आगे की खरीद से इनकार किया, करीब 500 एमटी धान मंडी में पड़ा है



रोहतक रोड स्थित नई अनाज मंडी में पीआर धान की आवक लगातार जारी है, लेकिन पिछले पांच दिनों से खरीद न होने से परेशान किसानों ने वीरवार को मंडी के गेट पर ताला जड़ दिया। किसानों का आरोप था कि मिलर्स उनकी फसल में नमी और अन्य कमियां बताकर खरीद से इंकार कर रहे हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

सूचना मिलते ही मार्केट कमेटी के सचिव जितेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाकर ताला खुलवाया। इसके बाद उन्होंने किसानों और मिलर्स के साथ बैठक कर समस्या के समाधान का प्रयास किया। सचिव ने किसानों को शुक्रवार से पीआर धान की सरकारी खरीद शुरू होने का आश्वासन दिया। मंडी अधिकारियों के अनुसार अब तक सोनीपत मंडी में 1667 मीट्रिक टन (एमटी) पीआर धान की आवक हो चुकी है। हैफेड के माध्यम से पीआर धान की खरीद की जा रही है। गोहाना, सोनीपत और कासंडी मंडियों में दो मिलर्स द्वारा अब तक 10,343 एमटी धान खरीदा जा चुका है। हालांकि, इन दोनों मिलर्स ने 18 अक्तूबर के बाद आगे की खरीद से इंकार कर दिया था, जिसके चलते करीब 500 एमटी धान मंडी में बिना बिके पड़ा है।

### गुणवत्ता को लेकर आपत्ति

बुधवार को करनाल से आए मिलर्स ने गोहाना मंडी में खरीद शुरू की थी। वीरवार को वही मिलर्स जब सोनीपत पहुंचे तो उन्होंने धान की गुणवत्ता को लेकर आपत्ति जताई। इससे नाराज किसानों ने विरोध जताते हुए मंडी के मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया। बाद में प्रशासन के हस्तक्षेप से स्थिति शांत हुई। किसानों को उम्मीद है कि शुक्रवार से खरीद शुरू होने पर उनकी समस्या का समाधान हो जाएगा।

## गांव उदेशीपुर में जमीन कब्जे को लेकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

■ पीड़ित ने पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार

उपमंडल के गांव उदेशीपुर में जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया है। गांव के रहने वाले नरेश ने गन्नौर थाना पुलिस को लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में नरेश ने बताया कि उनके परिवार का गांव में लाल डोरे के पास पिछले करीब 60 सालों से कब्जा चला आ रहा है। जिस पर उनका स्थायी अधिकार है।

शिकायत में नरेश ने बताया कि 21 अक्टूबर को गांव का ही एक युवक उसकी पत्नी उसके बच्चे व अन्य लोग उनके कब्जे वाले प्लॉट में घुस गए और वहां लगे पेड़ों को काटने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनसे अभद्र भाषा में गाली-गलौज की और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। उसके बाद तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को घटना की सूचना दी। शिकायतकर्ता नरेश ने बताया कि पुलिस के जाने के बाद भी आरोपी बाज नहीं आए और दोबारा मौके पर पहुंचकर प्लॉट में घुसने का प्रयास किया। जब वे प्लॉट पर पहुंचे तो देखा कि आरोपी दोबारा पेड़ काट रहे थे और कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। नरेश का कहना है कि आरोपियों की यह हरकत लगातार जारी है और वे उनके परिवार की सुरक्षा को लेकर भयभीत हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

### एथनिक इंडिया राई में होगा समारोह

## विधायक वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करेगी

■ वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह 26 अक्टूबर रविवार को 11 बजे से आयोजित होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई

राई हल्का विधायक कृष्णा गहलावत रविवार 26 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से एथनिक इंडिया टूरिस्ट रिजॉर्ट राई में समाज में संस्कार, परंपरा और अनुभव की अनमोल पूंजी माने जाने वाले वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में एक भव्य "वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन कर हल्के के प्रत्येक गांव के सबसे बड़े महिला व पुरुष बुजुर्गों का सम्मान करेगी। विधायक कृष्णा गहलावत ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य समाज के उन वरिष्ठजनों को सम्मान देना है, जिन्होंने अपने जीवन में संघर्षों, अनुभवों और संस्कारों के माध्यम से समाज को नई दिशा दी है और गांव में सबसे ज्यादा उम्र के है। विधायक कृष्णा गहलावत ने बताया कि कार्यक्रम समाज की उस पीढ़ी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का एक सच्चा प्रयास है, जिनकी जीवन यात्रा आने वाली पीढ़ियों के लिए


विधायक कृष्णा गहलावत।

प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने कहा कि "हमारे बुजुर्ग हमारे संस्कारों के जीवंत उदाहरण हैं। उन्होंने अपने अनुभव, मेहनत और समर्पण से समाज की नींव मजबूत की है। उनका आशीर्वाद ही हमारी सामाजिक एकता और प्रगति की कुंजी है। ऐसे में उनका सम्मान करना केवल हमारा कर्तव्य नहीं बल्कि हमारा गौरव भी है। विधायक कृष्णा गहलावत ने अपील की है कि वे वरिष्ठजनों के प्रति अपना आदर व्यक्त करें। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि गांव के सबसे बड़े बुजुर्ग व महिला की उपस्थिति हमारे लिए सबसे बड़ा सम्मान होगी। हम सब मिलकर अपने वरिष्ठजनों का आशीर्वाद प्राप्त करें और समाज में एक सकारात्मक संदेश फैलाएं। यह समारोह न केवल वरिष्ठ नागरिकों के जीवन योगदान को सम्मानित करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों में संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी जगाएगा।

# भैया दूज भाई-बहन के स्नेह का त्योहार : शौनक

■ भाई की लंबी उम्र की कामना कर बहनों ने किया तिलक, बाजारों में दिनभर रही रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत


**सोनीपत।** छोटू राम चौक निवासी आर्यन दहिया, नितिन,आयुष्मान, सचिन और रुद्रांश दहिया ने बहन कृष्वी, अनायशा, मुस्कान और साक्षी के साथ मनाया भैया दूज। फोटो : हरिभूमि

दीपोत्सव के समापन के साथ ही भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक पर्व भैया दूज वीरवार को जिलेभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही बहनों ने शुभ मुहूर्त में अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-शांति की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनके स्नेह का आभार जताया। कई परिवारों में यह पर्व पारंपरिक विधि-विधान से मनाया गया, वहीं जो भाई-बहन दूर रहे उन्होंने वीडियो कॉल के माध्यम से एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। चिटाने वाली माता मंदिर के पुजारी पंडित अमित शौनक ने बताया कि भैया दूज का पर्व हर वर्ष दिवाली के दूसरे दिन कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। इस बार यह पर्व वीरवार को मनाया गया। उन्होंने बताया कि इस दिन बहन अपने भाई के माथे पर तिलक कर दीर्घायु और मंगलमय जीवन की कामना करती है। भाई बहनों को गोले, मिठाई और उपहार स्वरूप भेंट देते हैं। पंडित शौनक ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार जो भाई इस दिन बहन के घर जाकर तिलक करवाता है और भोजन करता है, उसे अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता। भैया दूज के साथ ही पांच दिवसीय दीपोत्सव का समापन भी हो गया।

### बाजारों में बनी रही चहल-पहल

पर्व को लेकर बाजारों में पूरे दिन चहल-पहल बनी रही। सुबह से ही मिठाई, उपहार और पूजा सामग्री की दुकानों पर भीड़ जुटी रही। लोगों की आवाजाही से प्रमुख बाजारों में जाम की स्थिति बन गई। पुलिस को यातायात व्यवस्था संभालने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। शाम तक शहर के मुख्य मार्गों पर वाहनों की कतारें लगी रहीं। देर शाम भीड़ कम होने के बाद ही लोगों को राहत मिली।

## अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए थे रानी चेन्नम्मा ने : सुषमा



**गोहाना।** शहर के पुराना बस अड्डा स्थित सत नगर में गुरुवार को रानी चेन्नम्मा की 247वीं जयंती मनाई गई। समारोह में नागरिकों ने रानी चेन्नम्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मार्गदर्शन मोर्चा के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया का रहा मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त उप प्राचार्या सुषमा सेतिया ने कहा कि रानी चेन्नम्मा भारत के कर्नाटक के कित्तूर राज्य की रानी थी। वह ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ लड़ने वाली पहले भारतीय शासकों में से एक थी। रानी चेन्नम्मा ने 1824 में ब्रिटिश शासन का सहस्त्र विरोध किया। उनके साहस ने उन्हें कर्नाटक तथा पूरे भारत में एक नायिका बना दिया और वह आज भी लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

## नागरिक अस्पताल से मरीज का मोबाइल फोन चोरी

**सोनीपत।** नागरिक अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था पर फिर सवाल खड़े हो गए है। अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में उपचार के लिए आए एक मरीज का मोबाइल फोन चोरी हो गया। घटना के बाद मरीज ने मामले को लेकर अस्पताल प्रबंधन को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को अवगत करवाया है। जानकारी के अनुसार, नरेंद्र नगर निवासी आनंद शर्मा शुक्रवार सुबह गले में परेशानी होने के चलते सुबह करीब आठ बजे नागरिक अस्पताल पहुंचे थे। जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें आपातकालीन कक्ष (इमरजेंसी वार्ड) में भर्ती कर लिया। उपचार के दौरान आनंद शर्मा ने अपना मोबाइल फोन बिस्तर के पास रखा था। कुछ देर बाद जब उन्होंने मोबाइल तलाशा तो वह गायब मिला। आसपास पूछताछ करने पर भी फोन का कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित मरीज ने घटना की जानकारी अस्पताल कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों को दी, लेकिन फोन बरामद नहीं हो सका। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई है। वहीं अस्पताल में मरीज और उनके परिजनों ने बताया कि आपातकालीन वार्ड में लगातार भीड़ रहती है और सुरक्षा व्यवस्था न के बराबर है। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से सुरक्षा बढ़ाने और वार्डों में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी सख्त करने की मांग की है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से


| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### उल्लास योजना का परिणाम घोषित

# सोनीपत में 10702 निरक्षरों ने कराया था पंजीकरण, 8950 हुए परीक्षा में सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



प्रदेश में साक्षरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाई जा रही उल्लास योजना के तहत सितंबर माह में आयोजित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। शिक्षा विभाग ने परीक्षा परिणाम की रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेज दी है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, सितंबर 2025 में सोनीपत जिले के 10702 निरक्षरों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था, जिनमें से 9002 निरक्षर परीक्षा में शामिल हुए। जिला शिक्षा विभाग की ओर से बताया गया कि 28 सितंबर को नेशनल ओपन स्कूल की देखरेख में जिले के सातों ब्लॉकों में 380 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा में शामिल नहीं हो पाने वाले लगभग 1700 निरक्षर निजी कारणों से अनुपस्थित रहे। मूल्यांकन के बाद 8950 निरक्षर परीक्षा में सफल घोषित किए गए हैं, जबकि 46 निरक्षर उत्तीर्ण नहीं हो सके। अब जो अभ्यर्थी परीक्षा में असफल रहे या शामिल नहीं हो पाए, उन्हें मार्च 2026 में होने वाली अगली परीक्षा में पुनः भाग लेने का अवसर मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी निरक्षरों को चार माह बाद, यानी फरवरी 2026 में प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। यह प्रमाणपत्र उन्हें न केवल साक्षरता का प्रमाण देगा, बल्कि आगे की सरकारी योजनाओं व रोजगार अवसरों में भी सहायक सिद्ध होगा।

### इतने लोगों ने दिया पेपर

| ब्लॉक | परीक्षार्थी | पास | फेल |
| --- | --- | --- | --- |
| गन्नौर | 1420 | 1419 | 01 |
| गोहाना | 1614 | 1612 | 02 |
| कथूरा | 616 | 614 | 02 |
| खरखौदा | 1038 | 1026 | 12 |
| मुंडलाना | 877 | 877 | 00 |
| राई | 1067 | 1043 | 24 |
| सोनीपत | 2370 | 2365 | 05 |
| कुल | 9002 | 8956 | 46 |

### लिटरेसी प्रोग्राम


राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 में "न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम" के तहत उल्लास योजना शुरू की थी। इसका उद्देश्य 18 वर्ष से अधिक आयु के उन नागरिकों को सशक्त बनाना है, जो किसी कारणवश औपचारिक शिक्षा से वंचित रह गए थे। शिक्षा विभाग ने बताया कि वर्ष 2027 तक सोनीपत जिले में कुल 44,540 निरक्षरों को शिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### अब मार्च 2026 में होगी परीक्षा

उल्लास योजना के तहत सितंबर माह में हुई परीक्षा का मूल्यांकन कर लिया गया है। परीक्षा पास करने वाले निरक्षरों की सूची मुख्यालय भेज दी गई है, जिन्हें फरवरी 2026 में प्रमाणपत्र मुहैया करवाए जाएंगे। परीक्षा से वंचित या फेल हुए प्रतिभागी मार्च 2026 में होने वाली परीक्षा में अन्य प्रतिभागियों के साथ भाग ले सकेंगे।

- नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत।

## गांधी नगर में लोगों का जीवन नारकीय, सीवरेज ओवरफ्लो


**गन्नौर।** नाले अवरुद्ध होने से सड़क पर फैला दूषित पानी।

■ नाले बंद होने के कारण सड़कों पर जमा हो रहा दूषित पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

गांधी नगर के हालात इन दिनों बेहद दयनीय बने हुए हैं। ओवरब्रिज के सर्विस रोड पर सीवर ओवरफ्लो से लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। सड़क पर दिनभर गंदा पानी फैला रहता है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद विभागीय अधिकारी स्थिति सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे। वहीं गढ़ी झंझारा रोड पर नालों में गंदा और दूषित पानी भरा हुआ है, जो सड़कों पर फैलकर बदबू और संक्रमण का कारण बन रहा है। इस गंदगी से क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। लोगों का कहना है कि थोड़ी सी सीवर रुकावट होते ही नालों का पानी सड़कों पर बहने लगता है, जिससे स्थिति और भी खराब हो जाती है। इसके अलावा गांधी नगर की स्ट्रीट लाइटें भी लंबे समय से खराब पड़ी हैं। अंधेरे में रात के समय हादसों का डर बना रहता है।